मेरी बस एक ख्वाहिश है

मेरी बस एक ख्वाहिश है,
चाहे दुनिया बदल जाए,
के सर मेरा हो दर तेरा हो बाबा,
और दम निकल जाए।।

प्रभु हर रात हर सुबह,
प्रभु हर रात हर सुबह,
तेरी कृपा सी होती है,
के जैसे सुखी फसलों पर,
के जैसे सुखी फसलों पर,
तेरी वर्षा सी होती है,
तेरी वर्षा सी होती है,
जो बढ़ता हाथ मुझ तक गम का,
पल भर में फिसल जाए,
के सर मेरा हो दर तेरा हो बाबा,
और दम निकल जाए।।

मैं तुझसे मांगता इतना,
मैं तुझसे मांगता इतना,
मेरी हर सांस तेरी हो,
तेरे ही नाम से गुजरे,
तेरे ही नाम से गुजरे,
ये अर्जी ख़ास मेरी हो,
ये अर्जी ख़ास मेरी हो,
जो नजरे तेरी उठ जाए तो,
साया दुःख का टल जाए,
के सर मेरा हो दर तेरा हो बाबा,
और दम निकल जाए।।

पकड़ ले हाथ ओ कान्हा,
पकड़ ले हाथ ओ कान्हा,
बहुत ही उदास हूँ प्यारे,
कलम से लिख के देता हूँ,
कलम से लिख के देता हूँ,
तेरा ही दास हूँ प्यारे,
तेरा ही दास हूँ प्यारे,
हो दिल में गरूर चढ़ता आकाश के,
इक पल में जल जाए,
के सर मेरा हो दर तेरा हो बाबा,

और दम निकल जाए......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23142/title/meri-bas-ek-khwaish-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |